# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.11.2024 समय : 1850

- एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जरावा जनजाति को मतदाता सूची में शामिल करके भारत के लोकतांत्रिक दायरे में लाया गया है।
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से "हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा योजना, दो हजार बाईस" नामक योजना की शुरूआत की गई है।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है।
- राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार निकोबार के विभिन्न स्कूलों में टीबी की रोकथाम और नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- चेन्नई में आयोजित छियहत्तरवीं राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने कुल इक्कीस पदक जीते।

<><><><><><><>

एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अंडमान निकोबार द्वीप समूह की जरावा जनजाति को मतदाता सूची में शामिल करके भारत के लोकतांत्रिक दायरे में लाया गया है। पहली बार जरावा समुदाय के सदस्य चुनावी प्रक्रिया में भाग लेंगे, जो देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। बूथ लेवल अधिकारी को फॉर्म–छः जमा करके कुल उन्नीस जरावाओं को मतदाता सूची में नामांकित किया गया है। मुख्य सचिव केशव चंद्र ने जिरकाटांग क्षेत्र में जरावा जनजाति के एक सदस्य से उनके गांव में व्यक्तिगत रूप से पहला फॉर्म–छः प्राप्त किया। दक्षिण अंडमान के जिला चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में नामांकन प्रक्रिया जारवा लोगों की परंपराओं और गोपनीयता के प्रति सम्मान के साथ आयोजित की गई। सांस्कृतिक अखंडता और सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति ने जारवा समुदाय को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने और उनके पंजीकरण में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पहल आदिवासी समुदायों को उनकी विशिष्ट पहचान को संरक्षित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जारवा सहित सभी आदिवासी समुदायों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से समझौता किए बिना अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ने "हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा योजना, दो हजार बाईस" नामक एक योजना शुरू की है। इस योजना ने पहले की सॉलटियम योजना, उन्नीस सौ नवासी का स्थान लिया है। इस योजना के तहत हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को मृत्यु की स्थिति में दो लाख रूपये और गंभीर चोट की स्थिति में पचास हजार रूपये का मुआवजा दिया जाएगा। द्वीपसमूह में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, संबंधित उपायुक्तों की अध्यक्षता में सभी तीन जिलों के लिए जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। दक्षिण अंडमान जिले के लिए जिला स्तरीय समिति की पहली बैठक कल दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान, अध्यक्ष ने योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, ताकि पीड़ित या उनके परिजन इसके प्रावधानों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके और मुआवजे का दावा कर सके। हिट–एंड–रन मामलों में पीड़ित या उनके परिजन, क्षेत्र के तहसीलदार को आवेदन कर सकते हैं। तहसीलदार को दक्षिण अंडमान जिले के लिए दावा जांच अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। संबंधित पुलिस थाना पीड़ितों को इसमें सहयोग प्रदान करेगी। दावों के लिए जांच और अनुमोदन प्रक्रिया समयबद्ध तरीके

से आयोजित की जाएगी, और मुआवजे की राशि सीधे दावेदारों के बैंक खातों में सामान्य बीमा परिषद द्वारा जमा की जाएगी। इस सिलसिले में तीस नवम्बर को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम के तहसीलदार की ओर से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। एक अप्रैल दो हजार बाईस से घटित हिट–एंड–रन मामलों के पीड़ितों या उनके परिजनों को योजना का लाभ उठाने के लिए शिविर में भाग लेने को कहा गया है। लोगों से कहा गया है कि संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों की अध्यक्षता में मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिलों में भी इसी तरह के कार्यकम आयोजित किए जाएंगे। संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदार या सहायक आयुक्त को इन जिलों के लिए दावा जांच अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

<><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सी बी एस ई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। बोर्ड की परीक्षाएं पन्द्रह फरवरी दो हजार पच्चीस से शुरू होंगी। कक्षा दसवीं की परीक्षाएं अट्ठारह मार्च को, जबकि कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं चार अप्रैल को सम्पन्न होंगी।

<><><><><><>

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल के जिला टीबी अधिकारी डॉ. अनवर मूसा के नेतृत्व में एक चिकित्सा दल ने हाल ही में ज़िले के विभिन्न स्कूलों में टीबी की रोकथाम और नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकम में डॉ. अनवर मूसा ने टीबी नियंत्रण के उपायों के बारे में बताया, जिसमें प्रारंभिक पहचान, उपचार के पालन और सामुदायिक जागरूकता के महत्व पर बल दिया गया। उन्होंने टीबी के लक्षणों, संचरण और उपचार के बारे में जानकारी साझा किया और टीबी मरीजों, सामुदायिक स्वयंसेवकों के लिए प्रोत्साहन पैकेजों पर चर्चा की। इस अवसर पर टीबी से ठीक हो चुके एक मरीज ने टी बी के दौरान अपने उपचार का अनुभव साझा किया। डॉ. मूसा ने छात्रों से अपने घरों और आस–पास रहने वाले लोगों में टीबी की रोकथाम, सावधानियों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। सत्र के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग दो सौ छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

इकहत्तरवें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर डिगलीपुर में "प्राथमिक कृषि ऋण समिति–पैक्स के विकास के लिए सहकारी समितियों को उद्यमों में बदलना" और "विकसित भारत के निर्माण में सहकारी समितियों की भूमिका" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा ने पैक्स के लिए अपनाई गई विभिन्न पहलों जैसे सामान्य सेवा केन्द्र, खाद की दुकानें, बीज व्यवसाय, पटाखों की बिक्री, किराये पर ट्रैक्टर, किसानों को उनकी कृषि उपज बेचने में सहायता के लिए मोबाइल ग्रामीण वैन आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इक्कतीस पैक्स को भारतीय सहकारिता समिति की सदस्यता दी गई है। कृषक समुदाय को मजबूत बनाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य ध्यान किसानों की आय में वृद्धि करना है। कार्यकम में बैंक और पैक्स के अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

चेन्नई में आयोजित छियहत्तरवीं राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने कुल इक्कीस पदक जीते। पुरुष एलीट टीम स्प्रिंट और महिला एलीट टीम स्प्रिंट में रजत पदक, पुरुष जूनियर टीम स्प्रिंट में स्वर्ण पदक और सब–जूनियर महिला टीम स्प्रिंट में रजत पदक प्राप्त हुआ, जबकि पुरुष एलीट केरिन में डेविड बेकहम को रजत, पुरुष एलीट व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में डेविड बेकहम को स्वर्ण, महिला एलीट स्प्रिंट में सेलेस्टिना

को कांस्य, युवा पुरूष व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में मेसी कार्टसन को रजत, युवा महिला व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में आई.एस. ब्रिडनी को स्वर्ण, पुरुष एलीट स्प्रिंट में डेविड बेकहम को स्वर्ण, महिला एलीट केरिन में सेलेस्टिना को स्वर्ण और महिला एलीट व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में सेलेस्टिना को स्वर्ण पदक हासिल हुए। श्री विजयपुरम पहुंचने पर भारतीय खेल प्राधिकरण के सहायक निदेशक और अन्य प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी।

<><><><><><><>

बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गए पहले मैच में नया डेरा की टीम ने रजतगढ़ की टीम को चार–एक से हराया। दूसरे मैच में जारवा क्रीक की टीम ने जूनियर बॉयस की टीम को दो–शून्य से पराजित किया। कल अडाजिक और ओरलकच्छा बॉयस– ए टीम के बीच शाम तीन बजे मैच खेला जाएगा। तकनीकी कारणों के चलते खट्टा खाड़ी और नया डेरा के बीच खेला जाने वाला मैच अब चौबीस नवम्बर को दोपहर ढाई बजे होगी।

<><><><><><><>